# University in News on 15 January 2024

## JAGRAN CITY PAGE I, III

### छात्रवृत्ति के आवेदन 18 तक

**लखनऊ :** लवि के सत्र 2023-24 में सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राएं शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति के लिए अब 18 जनवरी तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है। छात्र-छात्राएं त्रुटियां सुधारने एवं फाइनल प्रिंट आउट 21 तक निकाल सकते हैं। 22 जनवरी तक हार्ड कापी सभी अभिलेखों के साथ विश्वविद्यालय में जमा करना होगा। (जासं)

### बीएससी केमिस्ट्री के प्रैक्टिकल की तिथि बदली

**जासं, लखनऊ :** लवि ने 17 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की वजह से उस दिन होने वाली बी.एससी रसायन विज्ञान पांचवें सेमेस्टर की



प्रयोगात्मक परीक्षा अब 19 जनवरी को होगी। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर के बी.एससी रसायन विज्ञान पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि बदली गई है। अन्य निर्धारित परीक्षाओं में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### कुलपति ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने रविवार को द्वितीय परिसर में निर्माणाधीन फार्मेसी भवन, बाउंड्रीवाल और गेट के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने फार्मेसी भवन में बनाए जा रहे आडिटोरियम और भवन को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। मुख्य परिसर की तर्ज पर द्वितीय परिसर में भी द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। बाउंड्रीवाल का निर्माण हो रहा है।

### लवि : शुरू हुई एशियाई जल पक्षियों की जनगणना

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एशियाई जल पक्षी जनगणना की शुरुआत रविवार से शुरू कर दी। इसके लिए लवि के वन्य जीव विज्ञान संस्थान ने शोधार्थियों के नेतृत्व में सात टीमें गठित की हैं। पहली टीम रविवार को सुबह उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले के बखिरा पक्षी अभयारण्य के लिए रवाना हो गई। सभी टीमें 21 जनवरी तक प्रदेश के सात प्रमुख जिलों का भ्रमण कर इसकी गणना करेंगी। वन्य जीव विज्ञान संस्थान की समन्वयक एवं जूलाजी विभाग की प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि एशियाई जल पक्षी जनगणना वार्षिक कार्यक्रम हैं। मुख्य रूप से जल पक्षियों की गिनती पर केंद्रित यह गतिविधि जनवरी में की जाती है।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### कुलपति ने दिए ऑडिटोरियम और भवन को बेहतर बनाने संबंधी निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने द्वितीय परिसर में निर्माणाधीन फार्मेसी भवन, बाउंड्रीवाल और गेट के कार्यों का निरीक्षण किया।

फार्मेसी भवन में चल रहे कार्यों में कुलपति ने निर्मित हो रहे ऑडिटोरियम और भवन को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस भवन के पूर्ण हो जाने पर फार्मेसी के छात्रों को अपना भवन पूर्ण एकेडमिक सुविधाओं के साथ प्राप्त हो जाएगा। मुख्य परिसर की ही भांति द्वितीय परिसर में भी द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। इसी के साथ जर्जर हो चुके पुराने बाउंड्री वॉल के स्थान पर नवीन बाउंड्री वॉल का निर्माण भी कराया जा रहा है। कुलपति ने निरीक्षण के समय वहां उपस्थित अधिकारियों से चल रहे कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा का विशेष ध्यान देने के स्पष्ट निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कुलपति प्रो. आलोक राय।

**›› गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए**

## NBT PAGE 5

### LU: केमिस्ट्री प्रैक्टिल परीक्षा अब 19 को

■ **एनबीटी सं., लखनऊः** गुरु गोबिंद सिंह जयंती को देखते हुए एलयू में 17 जनवरी को होने वाली बीएससी 5वें सेमेस्टर की केमिस्ट्री प्रैक्टिकल परीक्षा की डेट बढ़ाकर 19 जनवरी कर दी गई है। वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम देखा जा सकता है। 19 जनवरी को प्रैक्टिकल परीक्षा के 30 मिनट पहले पहुंचना है।

## LOKSATYA PAGE 2

### कुलपति ने निर्माणाधीन फार्मेसी भवन का निरीक्षण किया

**लखनऊ, लोकसत्य।** लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने द्वितीय परिसर में निर्माणाधीन फार्मेसी भवन, बाउंड्रीवाल और गेट के कार्यों का निरीक्षण किया। फार्मेसी भवन में चल रहे कार्यों में कुलपति ने निर्मित हो रहे आडिटोरियम और भवन को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

इस भवन के पूर्ण हो जाने पर फार्मेसी के छात्रों को अपना भवन पूर्ण एकेडमिक सुविधाओं के साथ प्राप्त हो जायेगा। मुख्य परिसर की ही भांति द्वितीय परिसर में भी द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। इसी के साथ जर्जर हो चुके पुराने बाउंड्रीवॉल के स्थान पर नवीन बाउंड्री वॉल का निर्माण भी कराया जा रहा है। कुलपति ने निरीक्षण के समय वहां उपस्थित अधिकारियों से चल रहे कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा का विशेष ध्यान देने के स्पष्ट निर्देश दिए।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 4

### कुलपति ने द्वितीय परिसर में निर्माणाधीन फार्मेसी भवन का किया निरीक्षण

**गुणवत्ता और सुरक्षा का विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश**



स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने द्वितीय परिसर में निर्माणाधीन फार्मेसी भवन, बाउंड्रीवाल और गेट के कार्यों का निरीक्षण किया। फार्मेसी भवन में चल रहे कार्यों में कुलपति ने निर्मित हो रहे सभागार और भवन को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस भवन के पूर्ण हो जाने पर फार्मेसी के छात्रों को अपना भवन पूर्ण एकेडमिक सुविधाओं के साथ प्राप्त हो जाएगा। मुख्य परिसर की ही तहर द्वितीय परिसर में भी द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। इसी के साथ जर्जर हो चुके पुराने बाउंड्रीवॉल के स्थान पर नवीन बाउंड्रीवॉल का निर्माण भी कराया जा रहा है। कुलपति ने निरीक्षण के समय वहां उपस्थित अधिकारियों से चल रहे कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा का विशेष ध्यान देने के स्पष्ट निर्देश दिए। इसी क्रम में लविवि के द्वितीय परिसर में सभी छात्रावासों के चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। दोपहर के भोजन के समय टीम ने खाने की गुणवत्ता जांच के साथ साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया। सभी छात्रावासों में अंतःवासियों ने खाने की तारीफ की। चीफ प्रोवोस्ट ने कैटर्स को हरी एवं पत्तेदार सब्जियों का अधिकतम प्रयोग और मोटे अनाज के भी प्रयोग के लिये निर्देश दिये। साथ ही होमी जहांगीर भाभा हॉस्टल में चल रहे मरम्मत कार्य का भी जायजा लिया और मौके पर ही मेस के पीछे खुले हिस्से में विधिवत सफाई के निर्देश दिये। इसके साथ ही कौटिल्य एवं होमी जहांगीर भाभा छात्रावास के अंतःवासियों से श्रमदान के लिए प्रोत्साहित भी किया। प्रो.सिंह ने गंगा छात्रावास एवं लावण्या छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को इंटर हॉस्टल फेस्ट में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के समय वहां के सभी प्रोवोस्ट डॉ.अर्चना सिंह, डॉ.अभिषेक कुमार, डॉ.नीतम सिंह, डॉ.प्रणति श्रीवास्तव और एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट डॉ.अनुपमा श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### लविवि कुलपति ने निर्माणाधीन फार्मेसी भवन का किया निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने रविवार को द्वितीय परिसर में निर्माणाधीन फार्मेसी भवन, बाउंड्रीवाल और गेट के कार्यों का निरीक्षण किया। फार्मेसी भवन में चल रहे कार्यों में कुलपति ने निर्मित हो रहे आडिटोरियम और भवन को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस भवन के पूर्ण हो जाने पर फार्मेसी के छात्रों को अपना भवन पूर्ण एकेडमिक सुविधाओं के साथ प्राप्त हो जायेगा। मुख्य परिसर की ही भांति द्वितीय परिसर में भी द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। इसी के साथ जर्जर हो चुके पुराने बाउंड्रीवॉल के स्थान पर नवीन बाउंड्री वॉल का निर्माण भी कराया जा रहा है। कुलपति ने निरीक्षण के समय वहां उपस्थित अधिकारियों से चल रहे कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा का विशेष ध्यान देने के स्पष्ट निर्देश दिए।



## i-NEXT PAGE 3

### कुलपति ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने रविवार को द्वितीय परिसर में निर्माणाधीन फार्मेसी भवन, बाउंड्रीवाल और गेट के कार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने फार्मेसी भवन में बनाए जा रहे आडिटोरियम और भवन को बेहतर बनाने के निर्देश दिए. प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य परिसर की तर्ज पर द्वितीय परिसर में भी द्वार का निर्माण कराया जा रहा है. इसी के साथ जर्जर हो चुकी पुरानी बाउंड्रीवाल के स्थान पर नवीन बाउंड्रीवाल का निर्माण भी कराया जा रहा है.